डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: CoE/321/2024 दिनांक: 09/07/2024

अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एलएल0बी0 प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष, बी0ए0एलएल0बी0, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम वर्ष के ऐसे परीक्षार्थी जो **Aggregate** से अनुत्तीर्ण रहे हैं तथा गत माह में पुनः परीक्षा सम्मिलित नहीं हो पाये हैं तथा त्रुटिवश महाविद्यालयों द्वारा अग्रेतर कक्षाओं में प्रवेश दे दिये गये है, को छात्रहित के दृष्टिगत माननीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 08.07.2024 के अनुपालन में मुख्य परीक्षा के साथ पूर्व वर्ष की पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गयी है। सम्बन्धित छात्र/छात्राऐं अपने पुनः परीक्षा के परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 11.07.2024 तक पूरित कर सकते हैं।

समस्त अर्ह छात्र–छात्रायें जो उक्त परीक्षाओं हेतु आवेदन पत्र पूरित करना चाहते है वह दिनांक 11.07.2024 तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dbrau.ac.in पर सम्बन्धित कालेज के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुए उपरोक्तानुसार आवेदन पत्र पूरित कराने का कष्ट करें।
2. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी।
3. प्रभारी, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. अधीक्षक, परीक्षा/गोपनीय।
6. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. एजेन्सी 2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
9. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with CamScanner